08 July 2025_Copy of Layout 1 7/8/2025 1:22 PM Page 1


दैनिक

# नज़रिया ख़बर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:18 | अंक: 09 | देहरादून, मंगलवार 08 जुलाई, 2025 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 1/रु. प्रति





## न्यूज डायरी

### जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन ने राज्यपाल से की भेंट



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन ने शिष्टाचार भेंट की।

### मंगल कलश स्थापना समारोह 9 जुलाई को

**देहरादून।** संस्कार प्रणेता एवं ज्ञान योगी आचार्य 108 सौरभ सागर जी महामुनिराज का 31वाँ पुष्प वर्षा योग इस वर्ष देहरादून दिगंबर जैन समाज को संपन्न कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आचार्य श्री चार माह तक देहरादून में विराजमान रहेंगे तथा नगर के विभिन्न जैन मंदिरों में जाकर धर्मप्रचार एवं सत्संग के माध्यम से समाज को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। 9 जुलाई को मंगल कलश स्थापना समारोह जैन पंचायती मंदिर एवं जैन भवन में आयोजित किया जाएगा। यह समारोह प्रातः 8 बजे शुरू होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे। कार्यक्रम में विधायक विनोद चमोली, खजान दास भी शामिल होंगे। सोमवार को यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में पुष्प वर्षा योग समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्षायोग की अवधि में कई विशिष्ट धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें प्रमुख रूप से भगवान पार्श्वनाथ निर्वाण कल्याणक, वात्सल्य पर्व (रक्षाबंधन), स्वतंत्रता दिवस, पर्युषण महापर्व, आचार्य श्री का दीक्षा दिवस, भगवान महावीर निर्वाण कल्याणक आदि शामिल हैं।

## सीएम ने राज्य में कृषि से सम्बधित योजनाओं के क्रियान्वयन में विशेष सहयोग का किया अनुरोध

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि, ग्राम्य विकास एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रदेश की कृषि एवं उससे जुडी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विसतार के संबंध में चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने राज्य के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों की कृषि एवं बागवानी आवश्यकताओं तथा किसानों की आर्थिक सुदृढ़ता हेतु राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई प्रस्तावित योजनाओं पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अवगत कराया कि उत्तराखण्ड सरकार ने कृषि एवं बागवानी क्षेत्र के समग्र विकास एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लगभग 3800 करोड़ रुपये की व्यापक योजनाएं तैयार की हैं। इन योजनाओं में नवाचार, यंत्रीकरण, तकनीकी समावेशन एवं पारम्परिक कृषि को बढ़ावा देने जैसे विविध पहलुओं को शामिल किया गया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री द्वारा राज्य की कृषि संबधि योजनाओं हेतु 3800 करोड की सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री ने उनका आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सहयोग राज्य के कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि राज्य में पर्वतीय क्षेत्रों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने हेतु कृषि बाड़ निर्माण के लिए 1,052.80 करोड़ रुपये की आवश्यकता चिह्नित की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य में 10,000 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित करने हेतु 400 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित की गई है, जिससे लघु, सीमांत किसान एवं महिलाएं लाभान्वित होंगी। पारम्परिक पोषक फसलों को बढ़ावा देने के लिए स्टेट मिलेट मिशन के अंतर्गत 134.89 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हेतु राज्य को सीड हब के रूप में विकसित करने के लिए 5 करोड़ रुपये की योजना भी तैयार की गई है। सेब उत्पादन को प्रोत्साहन, भंडारण और विपणन तंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु 1,150 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित है।




केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक करते सीएम।

**केन्द्र सरकार की ओर से कृषि एवं बागवानी विकास की विभिन्न योजनाओं को 3800 करोड़ रुपए की दी गई सैद्धांतिक सहमति**

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## पर्यटन को बढ़ावा देने को हाई अल्टीट्यूड अल्ट्रा मैराथन की शुरुआत करने के सीएम ने दिए निर्देश

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाई अल्टीट्यूड अल्ट्रा मैराथन की शुरुआत करने के निर्देश दिए। कुमाऊं क्षेत्र में यह मैराथन गुंजी से आदि कैलाश और गढ़वाल में नीति माणा से लेकर मलारी तक आयोजित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस आयोजन को वार्षिक पर्यटन कैलेंडर में शामिल किया जाए और हर वर्ष निर्धारित तिथि पर इसका नियमित आयोजन सुनिश्चित किया जाए।



## गांवों के विकास के लिए ईमानदार जनप्रतिनिधियों का चुनाव जरूरी: मंत्री सतपाल महाराज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि पंचायती राज व्यवस्था हमारे देश की जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की मजबूत नींव है।



इसलिए हमें गांवों को सशक्त और विकसित करने के लिए पंचायत चुनाव में ष्गांव की सरकारष बनाने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ईमानदार एवं कर्मठ जनप्रतिनिधियों का चुनाव करना चाहिए। पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि हरिद्वार जनपद को छोड़ 12 जनपदों में 24 व 28 जुलाई 2025 को दो चरणों में मतदान होगा और 31 जुलाई 2025 को पंचायत चुनावों के परिणाम घोषित होंगे। इसलिए गांव की सरकार के लिए ईमानदार और कर्मठ जनप्रतिनिधि का चुना जाना बेहद जरूरी है। पंचायत चुनाव के लिए हुए 63812 उम्मीदवारों ने विभिन पदों के लिए अपने नामांकन किये हैं। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 358 पद के सापेक्ष 1907 नामांकन हुए हैं जबकि क्षेत्र पंचायत सदस्य के 2974 पद के लिए सापेक्ष 11629 नामांकन पत्र दाखिल हुए इसी प्रकार ग्राम प्रधान के लिए 7499 पदों के सापेक्ष 22028 लोगों ने नामांकन किया है और सदस्य ग्राम पंचायत के 55587 पदों के सापेक्ष 28248 लोगों ने नामांकन किया। इससे स्पष्ट है कि हमारी ग्रामीण जनता अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति बेहद जागरूक है। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण और विकास कार्यों के प्रभावी अनुश्रवण के लिए पंचायती राज निदेशालय और जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ जैसी संस्थाओं का गठन किया है। मार्च 2008 में पारित पंचायती अधिनियम के अनुसार, पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षण को 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत गया है। 73वें संविधान संशोधन के तहत पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया गया है, जिससे उन्हें अधिक शक्तियां और जिम्मेदारियां मिली हैं। श्री महाराज ने कहा कि उत्तराखंड में पंचायतों को 29 विषयों के हस्तांतरण की कार्रवाई गतिमान है। इस संबंध में पंचायती राज विभाग उत्तराखंड द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से काम किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में तीन महत्वपूर्ण पहलू शामिल हैं जिसमें पंचायतों को पर्याप्त वित्तीय संसाधन प्रदान करना। पंचायतों को विभिन्न कार्यों और जिम्मेदारियों का हस्तांतरण करना। पंचायतों को आवश्यक मानव संसाधन और क्षमता निर्माण प्रदान करना।

08 July 2025_Copy of Layout 1 7/8/2025 1:22 PM Page 2



# संपादकीय

## भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी

ट्रम्प ने जापान और दक्षिण कोरिया सहित 14 देशों से अमेरिका में आने वाले सामानों पर उच्च टैरिफ लगाने में देरी की है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब व्हाइट हाउस द्वारा लगाए गए कुछ सबसे सख्त आयात करों पर 90 दिनों की रोक इस सप्ताह समाप्त होने वाली थी। ट्रम्प ने अपनी चेतावनी दोहराई कि जापान और दक्षिण कोरिया से आने वाले सामानों पर 25: टैरिफ अभी भी लगाया जा सकता है। उन्होंने कई देशों के नेताओं को लिखे पत्र भी साझा किए, जिसमें कहा गया कि नए टैरिफ 1 अगस्त से प्रभावी होंगे। उच्च टैरिफ 9 जुलाई से शुरू होने वाले थे, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों द्वारा व्यापार समझौते करने की कोशिश के दौरान पहले ही रोक दिए गए थे। अमेरिका के जवाबी शुल्क के निलंबन को एक अगस्त तक बढ़ाने से भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी। साथ ही भारत और अमेरिका को अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने के वास्ते अतिरिक्त समय मिलेगा। ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को विभिन्न देशों को 'पत्र' भेजे जिसमें उन देशों के उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों का ब्योरा है। इन देशों में हालांकि भारत को शामिल नहीं किया गया। बांग्लादेश, बोस्निया एंड हर्जेगोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाकिस्तान, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, मलेशिया, सर्बिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और ट्यूनीशिया को ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित पत्र भेजे गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक अलग कार्यकारी आदेश में कई अन्य देशों पर बढ़ाए गए शुल्क को टालने की अवधि एक अगस्त तक बढ़ा दी है। शुल्क पर यह 90 दिवसीय निलंबन नौ जुलाई को समाप्त होना था। इस निर्णय पर टिप्पणी करते हुए निर्यातकों ने कहा कि जवाबी शुल्क लगाने को नौ जुलाई से एक अगस्त तक स्थगित करना अमेरिका की अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने की इच्छा को दर्शाता है।

# मुख्यमंत्री धामी ने दिखाई 20 नई वातानुकूलित टेम्पो ट्रैवलर को हरी झंडी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से आयोजित एक समारोह में उत्तराखण्ड परिवहन निगम की संचालित की जा रही 20 नई वातानुकूलित यूटीसी मिनी (टैम्पो ट्रेवलर) का फ्लैग ऑफ किया। इनमें से 10 टैम्पो ट्रेवलर वाहन देहरादून,मसूरी और 10 टैम्पो ट्रेवलर वाहन हल्द्वानी नैनीताल रूट पर चलेंगे। इससे नैनीतालकृ हल्द्वानी और देहरादून कृ मसूरी के बीच जाम की समस्या में भी कमी आयेगी।



टेम्पो ट्रैवलर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल सफल रही तो, इस तरह की सेवाओं की संख्या और बढ़ाई जायेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय से जीटीसी हेलीपैड तक टैम्पो ट्रेवलर से सफर भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वातानुकुलित टैम्पो ट्रैवलर राज्य के परिवहन तंत्र को सशत्तफ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। इनसे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और किफायती यात्रा की सुविधा मिल सकेगी तथा प्रदेश की आर्थिक और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि राज्य के प्रत्येक क्षेत्र को बेहतर सड़क नेटवर्क और विश्वसनीय परिवहन सेवाओं से जोड़ा जाए। आज डिजिटल टिकटिंग, ऑनलाइन बुकिंग, ट्रैकिंग सिस्टम जैसी सेवाओं द्वारा परिवहन विभाग जनता को सुलभ यात्रा उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड परिवहन निगम को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप लगातार तीन वर्षों से परिवहन निगम मुनाफे में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन निगम के बस बेड़े में जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों का भी समावेश किया जायेगा, जिसके लिए बसों की खरीद की प्रक्रिया गतिमान है।

सरकार ने अपने कर्मचारियों और चालक व परिचालकों की कई समस्याओं का समाधान किया है। डीए में बढ़ोतरी करना हो, 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करना हो या निगम में भर्तियों के माध्यम से मानव संसाधन बढ़ाना हो, पूरी प्रतिबद्धता के साथ उनके कल्याण के लिए कार्य किये जा रहे हैं।

# पर्यावरणनाशेन नश्यन्ति सर्वजन्तवः। पवनः दुष्टतां याति प्रकृतिविकृतायते।।



## अंतराज़्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस -सिंगल यूज़ प्लास्टिक के भयंकर नकारात्मक परिणामों व पर्यावरण प्रदूषण को रेखांकित करना ज़रूरी

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर वर्तमान बदलते परिपेक्षमें हम अति तीव्र गति से विकास तो कर रहे हैं, परंतु ठीक उसी अंदाज में ही हमारे लिए पर्यावरण नुकसान के रूपमें परेशानियां, विभिशक्ता, नुकसान की खाई भी बढ़ती जा रही है इसीलिए बड़े बुजुर्गों वह बुद्धिजीवियों ने कहा है कि आधुनिक सुख सुविधाओं का उपयोग लेने से पहले उनके विपरीत परिणाम के बारे में भी ध्यान रखें, मैं एडवोकेट किशन सनमुख दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र, ऐसा मानता हूं कि अच्छे इरादों और ढेर सारे नियमों के बावजूद प्लास्टिक के खिलाफ भारत की जंग को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कुछ उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं जो यह बताते हैं कि यह लड़ाई अभी हारी नहीं है। तथ्य यह है कि प्लास्टिक अपशिष्ट को नियंत्रित करने वाला नियामक ढांचा,यद्यपि व्यापक है, तथापि अस्पष्ट परिभाषाओं और छूटों को संबोधित करने के लिए सुधार की आवश्यकता है, जो वर्तमान में प्रवर्तन को कठिन बनाते हैं।संस्कृतिक श्लोकों में भी आया है पर्यावरणनाशेन नश्यन्ति सर्वजन्तवरू। पवनरू दुष्टतां याति प्रकृतिविकृतायते ।। हिंदी अथर्रू– हमारे पर्यावरण के प्रदूषण (विनाश) के कारण सभी प्राणी नष्ट हो जाते हैं, हवाएं ख़राब हो जाती हैं और प्रकृति शत्रुतापूर्ण हो जाती है।

आज विषय आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 3 जुलाई 2025 को प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस है,इसलिए आज हम चिन्हित एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं से पर्यावरण को होने वाले दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए इसके उपयोग को खुद भी रोकना है और पूरे विश्व को इसके लिए जनजागृत करने में प्रभावी जनभागीदारी पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक बैग के दुष्प्रभावों के बारे में जानने की करें तो, प्लास्टिक बैग के बारे में 5 तथ्य (1)प्लास्टिक की थैलियों को विघटित होने में 100 से 500 वर्ष लगते हैं।(2) हम हर साल 5 ट्रिलियन प्लास्टिक बैग बनातेहैं।(3) औसत व्यक्ति एक प्लास्टिक बैग का उपयोग 25 मिनट तक करता है। (4) दुनिया भर में हर मिनट हम 10 लाख प्लास्टिक बैग का उपयोग करते हैं। (5) प्लास्टिक थैलियों के कारण हर वर्ष लगभग 1,00,000 समुद्री जीव मारे जाते हैंपर्यावरण के लिए हानिकारक होने के अलावा, प्लास्टिक बैग भी खराब तरीके से डिजाइन किए जाते हैं और शायद ही कभी उनका पुनर्चक्रण किया जाता है। प्लास्टिक बैग हमारे ग्रह के लिए एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। हर साल, 8 मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक समुद्र में जाकर मछलियों और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाता है। जब प्लास्टिक खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है, तो यह मानव स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा सकता है। साथियों बात अगर हम कुछ देशों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक व बैगों के दुष्प्रभाव पर स्वतंत्र संज्ञान लेकर सख्त कदम उठाने की करें तो,कुछ स्थानों पर किसी भी तरह के प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है या नियम लागू किए गए हैं। ये उपाय करने वाले स्थानों में हवाई, उत्तरी कैरोलिना, इटली, चीन, अफ्रीका के कई देश और ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं। कुल मिलाकर, लगभग 127 देश किसी न किसी तरह से प्लास्टिक बैग को नियंत्रित करते हैं। इन नियमों में प्लास्टिक बैग को चरणबद्ध तरीके से खत्म करना और दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले बैग के लिए प्रोत्साहन देना भी शामिल है। ज्यादातर लोग प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल सिर्फ एक बार करते हैं और फिर उसे फेंक देते हैं।सिंगल –यूज प्लास्टिक बैग ने कुछ शहरों को इन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए प्रेरित किया है। जिन जगहों पर डिस्पोजेबल प्लास्टिक शॉपिंग बैग पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथियों बात अगर बिगड़ती पर्यावरण की स्थिति बिगड़ने की करें तो इससे होने वाले दुष्परिणामों पर वैश्विक स्तरपर रेखांकित किया जा रहा है और उनके अंतरराष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण सुरक्षा संबंधी उपायों पर एकीकृत विचारों का संयोजन हो रहा है दुनिया के देशों से कार्बन उत्सर्जन की मात्रा शून्य करने के बारे में कहा जा रहा है

साथियों बात अगर हम नियमों को ठोस कार्रवाई के माध्यम से लागू करने की करें तो, 1 जुलाई 2022 से चिन्हित एसयूपी वस्तुओं पर प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किये जायेंगे तथा प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक के अवैध निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं उपयोग की निगरानी के लिए विशेष प्रवर्तन दल गठित किये जायेंगे। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी प्रतिबंधित एकल उपयोग वाली प्लास्टिक की वस्तुओं के अंतर–राज्य परिवहन को रोकने के लिए सीमा जांच केंद्र स्थापित करने के लिए कहा गया है। सरकार एकल उपयोग वाली प्लास्टिक को समाप्त करने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। जागरूकता अभियान में उद्यमियों और स्टार्ट अप्स, उद्योग, केंद्रीय, राज्य और स्थानीय सरकारों नियामक निकायों, विशेषज्ञों, नागरिक संगठनों, अनुसंधान एवं विकास और अकादमिक संस्थानों को एकजुट किया गया है।

साथियों सीपीसीबी शिकायत निवारण ऐप, नागरिकों को प्लास्टिक से जुड़ी समस्या से निपटने में मदद हेतु सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया है। समुद्री पर्यावरण सहित स्थलीय और जलीय इकोसिस्टम पर एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के प्रतिकूल प्रभावों को वैश्विक स्तर पर पहचाना गया है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि जब पर्यावरण का नाश होता है, सभी जीव जंतु नष्ट, प्रकृति विकृत हो जाती है।अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस 3 जुलाई 2025– सिंगल यूज प्लास्टिक के भयंकर नकारात्मक परिणामों व पर्यावरण प्रदूषण को रेखांकित करना जरूरी,विश्व के हर मानवीय जीव को सिंगल यूज प्लास्टिक को त्यागने का संकल्प लेकर पृथ्वी पर सभी जीवों की रक्षा करने में सहयोग देना जरूरी हैं।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

08 July 2025_Copy of Layout 1 7/8/2025 1:22 PM Page 3



# भू-माफियाओं से परेशान बुजुर्ग किसान, डीएम दरबार में अर्जी, एसडीएम डोईवाला को 1 सप्ताह भीतर एक्शन के निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन्जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनता दर्शन में 125 शिकायत प्राप्त हुई अधिकतर शिकायतें भूमि से सम्बन्धित प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त भूमि सीमांगन, आपसी विवाद, नगर निगम, एमडीडीए, विद्युत, पुलिस, शिक्षा, सिंचाई आदि सम्बन्धित विभागों से प्राप्त हुई।



जिलाधिकारी समस्याएं सुनते हुए।

जिलाधिकारी ने नगर निगम, एमडीडीए सहित समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों की शिकायतों समयबद्ध निस्तारण करें तथा कृत कार्यवाही से सम्बन्धित को भी अवगत कराए। वही जिलाधिकारी ने पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया महिला, बजुर्ग, बच्चों के प्रकरण पर संवेदनशीलता से कार्य करते हुए संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही करें। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मृत्यु प्रमाण, पत्र वारिसाना प्रमाण में देरी ने करें एक सप्ताह के भीतर ही आवेदनों का निस्तारण करते हुए प्रमाण पत्र जारी किए जाएं।

जनता दर्शन में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला जो राजेश्वरी देवी जो 60 प्रतिशत् दिव्यांग है, उनकी पुत्री जो शादीशुदा है उसका अपना मकान है तथा घर कब्जा करके बैठी है अपना हिस्सा मांग रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी न्याय को बजुर्ग महिला को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। फरियादी नितिन हेमदान ने उनके द्वारा भूमि सम्बन्धी प्रकरण पर कार्यवाही नही हो पायी तथा विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय में फैसला संतोषजन नही दिया गया है, उनकी स्थिति दयनीय हो गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण को सम्बन्धित की आर्थिक दयनीय स्थिति हो दृष्टिगत रखते हुए अपील योजित किये जाने तथा कानूनी सलाह को प्रेषित किया गया।

सिमलासग्रांट निवासी 86 वर्षीय बुजुर्ग फरियादी किसान प्रीतम सिंह ने बताया कि उनके स्वयं तथा उनके विरोधी के मध्य न्यायालय प्रथम अपर जिला जज, देहरादून एवं सिविल न्यायालय जूनियर डिविजन समझौते के आधार पर वाद निस्तारित किया गया था, किन्तु विरोधी न्यायालय के आदेश नही मान रहा है उसकी भूमि पर कब्जा करने कर रहा है तथा खेती भी नही करने दे रहा है, बुजुर्ग फरियादी करनपुर निवासी गौरी रानी ने अपने शिकायती पत्र में फरियाद लगाई की उसके घर के सामने की सड़क मकान से उंची है, जिस कारण घर में बरसात का पानी घुसता है, मकान को खतरा है, नगर निगम के चक्कर लगाकर थक गई है समाधान नही किया गया जिस पर डीएम ने नगर निगम से 1 सप्ताह भीतर कार्य करने के निर्देश दिए तथा नगर निगम के अधिकारियों से अंडरटेकिंग लेते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराने के भी निर्देश दिए।

## खेत में पड़ा मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**हरिद्वार।** रविवार की सुबह, लक्सर क्षेत्र में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत से पड़ा मिला।। महिला की हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह निर्माणाधीन न्यायालय भवन के सामने से जंगल मे जा रही सड़क पर एक ट्यूबवैल के निकट खेत में एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जिस पर कोतवाल राजीव रौथान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। मृतका की शिनाख्त कराने पर उसकी पहचान सरोज उम्र 50 वर्ष निवासी न्यू शिवपुरी, लक्सर के रूप में हुई। मृतका के गले पर निशान मिले हैं। जिससे उसकी हत्या की आशंका जताई गई है। बताया जा रहा है कि महिला विधवा है तथा उसके चार बच्चे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि मृतक महिला पैसों के लेन देन का कार्य करती थी। भगवानपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति पर महिला के करीब एक लाख रुपए उधार बताए गए हैं।

## कांग्रेस ने निकाय और पंचायत दोनों वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने वालों को रोकने की मांग उठाई

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** निकाय व पंचायत की वोटर लिस्ट में शामिल मतदाताओं व प्रत्याशियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने इसको लेकर राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। करन माहरा ने कहा है कि सरकार संशोधन अधिनियम सितंबर 2019 का हवाला दे रही है। 10 दिसंबर 2019 के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है।

करन माहरा ने राज्य निर्वाचन आयोग से दोनों मतदाता सूची में शामिल प्रत्याशियों को नामांकन से रोके जाने की मांग उठाई गई है। अगर ऐसा नहीं होता है तो कांग्रेस कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएगी। करन माहरा ने उत्तराखंड में गतिमान त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में नगर निकाय चुनावों की मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं को मतदान और नामांकन से रोके जाने को लेकर उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में कई मतदाता ऐसे हैं। जिनके नाम नगरीय मतदाताओं की सूची में शामिल हैं। वह बीते नगर निकाय चुनावों मे अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। सितंबर 2019 के एक आदेश के तहत यह कहा गया था कि निकायों इत्यादि में किसी ने अगर वोट दिया है, वह दूसरी जगह भी वोट दे सकता है, लेकिन दिसंबर 2019 में संशोधन के रूप में एक आदेश धारा नौ के रूप में पारित हुआ जिसमें कहा गया कि जिन लोगों के नाम निकाय या शहरी क्षेत्रों की मतदाता सूची में हैं।

## करुणा के जीते-जागते प्रतीक हैं पूज्य दलाई लामा: महाराज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पूज्य दलाई लामा जी को अवलोकितेश्वर या चेनरेजिग (करुणा के बोधिसत्व और तिब्बत के रक्षक देवता) का अवतार माना जाता है। बोधिसत्व वे प्राणी होते हैं जो समस्त सजीवों के कल्याण हेतु बुद्धत्व प्राप्त करने की आकांक्षा रखते हैं और जिन्होंने मानवता की सेवा के लिए पुनर्जन्म लेने का संकल्प किया है।



मंत्री सतपाल महाराज।

उक्त बात प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को तिब्बती नेहरू मेमोरियल स्कूल, फुटबॉल ग्राउंड, क्लेमेंट टाउन स्थित तिब्बत कॉलोनी में तिरुपति कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित तिब्बत के 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो के जन्म दिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने तिब्बत के 14वें दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूज्य दलाई लामा जी एक असाधारण बौद्ध भिक्षु होने के साथ–साथ तिब्बत के आध्यात्मिक नेता हैं। केन्द्रीय तिब्बत प्रशासन (सीटीए) ने उनके जन्मदिन के इस आनन्दमयी अवसर को मनाने के लिए इस वर्ष को श्करूणा का वर्ष घोषित किया है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो का जीवन किसी धर्म, राष्ट्र या वाणी तक सीमित नहीं है वह करुणा के जीते–जागते प्रतीक हैं। उन्होंने निर्वासन में भी, पीड़ा में भी, पूरी दुनिया को यह सिखाया कि अहिंसा ही सच्ची शक्ति है, और दूसरों के दुख को अपना बना लेना ही सच्ची करुणा है। उनके वचन सरल हैं, लेकिन उनका प्रभाव गहरा है। जैसे उन्होंने कहा है ष्यदि आप चाहते हैं कि दूसरे लोग खुश रहें, तो करुणा का अभ्यास करें। यदि आप खुश रहना चाहते हैं, तो भी करुणा का अभ्यास करें। यह केवल उपदेश नहीं, उनका अपना जीवन है। महाराज ने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि भारतभूमि, जिसने महात्मा बुद्ध को जन्म दिया, आज ग्यालवा रिनपोछे को आश्रय देकर स्वयं भी धन्य हुई है।

# पंचायत चुनाव में उत्तरकाशी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी सहित 4.3 लाख की शराब बरामद

**उत्तरकाशी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मोरी पुलिस ने पंचायत चुनाव के लिए उत्तराखण्ड– हिमाचल बॉर्डर से अवैध शराब 85 पेटियों की खेप के साथ बरामद किया है।




बरामद की गई शराब।

गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव–2025 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है, चुनाव के दौरान अवैध शराब व अवांछनीय गतिविधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी सरिता डोबाल द्वारा स्टैटिक सर्विलांस टीम, उड़न दस्तों के साथ–साथ एसओजी व थाना पुलिस की टीम को एक्टिव मोड पर रखा है। थानाध्यक्ष मोरी श रणवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में थाना मोरी पुलिस की टीम ने शनिवार रात्रि को आराकोट, सनेल बैरियर पर सघन चौकिंग अभियान के दौरान वाहन संख्या भ्62–4626 (पिकअप) से 85 पेटी अवैध देशी शराब संतरा मार्का नम्बर 1 बरामद की गयी है। मोरी पुलिस की टीम पंचायत चुनाव के मध्यनजर उत्तराखण्ड–हिमाचल बॉर्डर के सनेल चौक पोस्ट पर चौकिंग कर रही थी, इसी दौरान हिमाचल, कुड्डू की तरफ से एक पिकअप वाहन उत्तराखण्ड की ओर आ रहा था, बैरियर पर पुलिस को मुस्तैद देख वाहन चालक बैरियर से कुछ दूर पहले ही वाहन को खड़ा कर हिमाचल की तरफ भाग गया, पुलिस द्वारा वाहन को चौक करने पर वाहन से अवैध शराब बरामद की गयी। वाहन को मौके पर सीज किया गया। बरामदगी के आधार पर पुलिस द्वारा थाना मोरी पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध 60ध्72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी सरिता डोबाल ने बताया गया कि पंचायत चुनाव को पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस पुरी तरह से तैयार है, चुनाव के दौरान अवैध, अवांछनीय गतिविधियों तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने वालों पर पुलिस लगातार निगरानी बनाये हुये है।

# पर्वतीय क्षेत्र को विकास की राह दिखाने वाले नरेंद्र सिंह भंडारी की प्रतिमा जौरासी में झाड़ियों के बीच दबी

**पौड़ी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश में पर्वतीय विकास मंत्री रहते हुए पूरे पर्वतीय क्षेत्र को विकास की राह दिखाने वाले जौरासी गांव, विकास खंड के निवासी स्वर्गीय नरेंद्र सिंह भंडारी की अष्ट धातु की प्रतिमा आज उनके पैतृक गांव जौरासी जाखधार में शासन–प्रशासन की उपेक्षा के कारण कंटीली झाड़ियों और विच्छू घास के बीच ढकी हुई है।

स्वर्गीय नरेंद्र सिंह भंडारी तीन बार संयुक्त उत्तर प्रदेश में विधायक और दो बार कैबिनेट मंत्री रहे। 1958 में पहली बार वे 7 बद्री–केदार विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीतकर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद दो बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे। 1972–73 में पर्वतीय विकास मंत्री के रूप में उन्होंने पर्वतीय क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया।



झाड़ियों के बीच दबी नरेंद्र सिंह भंडारी की प्रतिमा।

उनकी देन के रूप में 118 किलोमीटर लंबा रुद्रप्रयाग–पोखरी– हापला–गोपेश्वर मोटर मार्ग, 29 किलोमीटर का पोखरी–कर्णप्रयाग मोटर मार्ग, मोहन खाल–भीरी–चंद्रापुरी सड़क शामिल हैं। मोहनखार– कनातोली–चोपता और हापला–धोतीधार सड़कों की नींव भी उनके प्रयासों से पड़ी, हालांकि ये सड़कें आज तक पूरी नहीं हो सकीं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जोशीमठ–औली रोपवे का निर्माण भी उनके द्वारा करवाया गया, जिसका उद्घाटन 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने किया था।

संयुक्त जनपद चमोली में शामिल रुद्रप्रयाग और चमोली के नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनके प्रयासों से जिला चिकित्सालय गोपेश्वर की स्थापना हुई। पोखरी में शिक्षा को बढ़ावा देने और नौनिहालों को इंटरमीडिएट तक शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से 1970 में राजकीय इंटर कॉलेज नागनाथ की स्थापना भी उनके प्रयासों से हुई।

इन सभी विकास कार्यों के बावजूद शासन–प्रशासन की लापरवाही के कारण उनकी पैतृक गांव जौरासी जाखधार में लगाई गई अष्ट धातु की प्रतिमा उपेक्षित हालत में पड़ी है। प्रतिमा को एक छोटे से प्रतीक्षालय में रखा गया है, जिसके बाहर लोहे की ग्रिल लगाई गई है, लेकिन चारों ओर गंदगी का ढेर लगा हुआ है। कंटीली झाड़ियां और विच्छू घास उगने से प्रतिमा ढकी हुई है और दिखाई नहीं दे रही।

पूर्व प्रधानाचार्य कुंवर सिंह चौधरी, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह नेगी, नगर पंचायत अध्यक्ष सोहन लाल, पूर्व प्रमुख नरेंद्र रावत, सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता आनंद सिंह राणा ने शासन–प्रशासन की इस महान पुरुष की प्रतिमा के प्रति उपेक्षा पर नाराजगी जताई है।

## कांवड़ यात्रा से पहले हरिद्वार में 3 करोड़ की स्मैक बरामद

**हरिद्वार।** कांवड़ यात्रा से पहले हरिद्वार पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए करीब 3 करोड़ रुपये की स्मैक जब्त की है। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के नेतृत्व में यह कार्रवाई बहादराबाद थाना पुलिस द्वारा की गई, जिससे नशा माफिया में हड़कंप मच गया है।

पुलिस ने मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद मुर्सलीन को पथरी पावर हाउस के पास नहर पटरी से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से बरामद हुआ 1.042 किलोग्राम लाल स्मैक, 457 ग्राम मिलावटी स्मैक, डिजिटल तराजू व एक बाइक बरामद की है। पूछताछ में सामने आया कि मुर्सलीन, रानीपुर के सलेमपुर में छिपकर स्मैक की तस्करी कर रहा था और आगामी कांवड़ मेले के दौरान इसे बेचने की फिराक में था। पुलिस को शक है कि इसके तार हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों से भी जुड़े हो सकते हैं। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने स्पष्ट किया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जिला पंचायत सदस्य को लेकर भाजपा-कांग्रेस में फूटे बगावत के सुर

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले में इस बार जिला पंचायत चुनाव रोमांचक होने जा रहा है। नामांकन के आखिरी दिन भाजपा के साथ ही कांग्रेस को भी बड़े झटके लगे हैं। यहां जिला पंचायत सीट पर टिकट नहीं मिलने से नाराज कार्यकर्ताओं ने ताल ठोक दी है। जहां उनमें पैराशूट प्रत्याशी को टिकट देने से नाराजगी है, वहीं वे राष्ट्रीय पार्टियों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाने की बात कह रहे हैं। जिससे कहीं ना कहीं भाजपा–कांग्रेस को साफ तौर पर नुकसान पहुंचने के संकेत मिल रहे हैं।

बीते शनिवार को जिला पंचायत सभागार कक्ष में नामांकन की प्रक्रिया संपंन हो चुकी है, जिसके बाद से नेताओं ने ग्रामीण इलाकों का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। जो नेताजी लम्बे समय से क्षेत्र में बने हुए हैं, उन्हें गांव की पगडंडियों को नापने में कोई परेशानी नहीं हो रही है, लेकिन जो नेता इन दिनों ही जनता को दिखाई दे रहे हैं, उनके लिए अपनी पहचान को जनता के बीच रखने में ही मुश्किलें खड़ी होती दिख रही हैं।

रुद्रप्रयाग जिले में 18 जिला पंचायत सीटे हैं, जिनमें भाजपा ने अपने पूरे प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं, जबकि कांग्रेस ने मात्र 10 सीटों पर ही अपने प्रत्याशी मैदान में खड़े किए हैं। मगर भाजपा–कांग्रेस के सामने असमंजस की स्थिति भी पैदा हो गई है, जो कार्यकर्ता लम्बे समय से क्षेत्र में बने हुए थे। पार्टी ने उन्हें टिकट ना देकर पैराशूट प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

## जान पर खेलकर गदेरा पार करने को मजबूर ग्रामीण

**उत्तरकाशी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सरबडियार पट्टी के आठ गांवों के ग्रामीणों की परेशानी थमने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार बारिश के कारण सरबडियार पट्टी को जोड़ने वाली सड़क जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीण पैदल मार्ग पर गाड़ गदेरों से होकर जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। इसके साथ ही सड़क क्षतिग्रस्त होने से सबसे ज्यादा परेशानी गांव के बुर्जुग, बीमार, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को हो रही है। लोगों को सड़क तक पहुंचने के लिए करीब आठ घंटे का समय लग रहा है।

बीते कुछ दिनों से सरबडियार पट्टी के आठ गांवों के ग्रामीणों के लिए बारिश आफत बनी हुई है। इन आठ गांवों के लिए सड़क और पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों को तहसील परिसर समेत



गदेरा पार कराते ग्रामीण।

अन्य जगहों पर आने जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बीते दिन सरबडियार सड़क जगह–जगह क्षतिग्रस्त होने से वहां पर फंसे कृष्ण सिंह रावत, देवेंद्र सिंह, सोबन सिंह आदि ने बताया कि वह बच्चों समेत पौराणिक मेले के लिए गांव में गए थे। लेकिन सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण वह आठ घंटे तक फंसे रहे। इस संबंध में लोनिवि के अधिकारियों को फोन किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। कहा कि लगातार बारिश के कारण सरबडियार के आठ गांवों के पैदल रास्ते भी जगह–जगह क्षतिग्रस्त हैं। इससे आठ गांव के ग्रामीण गाड़ गदेरों से होकर तहसील परिसर में पहुंच रहे हैं।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने चार साल की विफलताओं पर मुख्यमंत्री धामी को घेरा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चार वर्ष के कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पुष्कर सिंह धामी अपने 4 वर्ष के मुख्यमंत्रित्वकाल पर अपनी पीठ थपथपाने में लगे हैं।

जबकि भाजपा के ही सांसद, विधायक और पदाधिकारी सरकार की विफलताओं को लगातार उजागर कर रहे हैं। इसी क्रम में हम भी आज उनकी चार साल की नाकामियों, जन विरोधी नीतियों और देवभूमि की



अस्मिता पर हुए प्रहार को कुछ विशेष खिताब समर्पित कर रहे हैं। करन माहरा ने कहा कि राज्य में बेरोजगारी और पलायन का खिताब। राज्य में बेरोजगारी और लगातार हो रहे पलायन को देखते हुए पुष्कर सिंह धामी को यह खिताब दिया जाना चाहिए। महिला अपराधों में उत्तराखंड को अव्वल राज्य बनाने का खिताब–राज्य में पिछले चार साल में महिला अपराधों की बढती घटनाओं ने उत्तराखंड को पर्वतीय राज्यों में देश का नम्बर एक राज्य बना दिया है। चारधाम यात्रा में सर्वाधिक तीर्थ यात्रियों की मृत्यु का खिताब–चारधाम यात्रा में धामी सरकार की अव्यवस्था के चलते दर्जनों यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक मौतों का खिताब– धामी सरकार की लापरवाही के चलते पिछले 25 वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मौते पिछले 4 साल के अन्तराल में हुई हैं। अपनी ही सरकार द्वारा लागू किये गये यूसीसी के उलंघन का खिताब–यूसीसी लागू करने का श्रेय तो पुष्कर सिह धामी सरकार लेती है परन्तु उसका पहला उलंघन भी भाजपा के ही पूर्व विधायक द्वारा किया गया। महिला उत्पीड़न एवं शोषण में भाजपा नेताओं की संलिप्तता तथा सरकारी संरक्षण दिया जाना धामी सरकार की प्राथमिकता में रहा है।

केदारनाथ धाम की मर्यादा भंग करने का खिताब–आज तक के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी भी ज्योतिर्लिंग के समानान्तर कोई मंदिर का निर्माण किया गया हो, परन्तु धामी सरकार ने हिन्दुओं की धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाते हुए केदारनाथ मन्दिर की प्रतिकृति दिल्ली में बनाने का प्रयास किया गया। यही नहीं असली मंदिर से सोना चोरी कर उसकी जांच को भी दबाने का काम धामी सरकार ने किया।

करन माहरा ने कहा कि धामी सरकार को खनन माफिया व भू माफिया को संरक्षण देने का खिताब भी दिया जाना चाहिए। राज्य की नदियों में प्रशासन की मिलीभगत से हो रहे खनन में भाजपा नेताओं द्वारा उठाये गये सवालों के बावजूद धामी सरकार ने खनन माफिया को संरक्षण देने का काम किया।

08 July 2025_Copy of Layout 1 7/8/2025 1:22 PM Page 5



# प्रशासन एवं अग्निशमन विभाग द्वारा हल्द्वानी में शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों का आकस्मिक निरीक्षण

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनसुरक्षा सुनिश्चित करने और अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं अग्निशमन विभाग द्वारा आज हल्द्वानी शहर के प्रमुख वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण अभियान के अंतर्गत रिलायंस स्टोर, विशाल मेगा मार्ट (नैनीताल रोड) तथा जूडियो स्टोर, हल्द्वानी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्रों, फायर अलार्म, स्प्रिंकलर प्रणाली, आपातकालीन निकास द्वारों, निकासी संकेतों और अग्निशमन हेतु रिजर्व पानी की टंकियों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता की गहन जांच की गई। निरीक्षण में कई गंभीर खामियाँ पाई गईं, जैसे कि अग्निशमन उपकरणों का अनुपलब्ध होना, आपातकालीन निकास मार्गों का अतिक्रमण, वांछित दिशा–संकेतों की कमी, तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी। विशेष रूप से रिलायंस स्टोर और विशाल मेगा मार्ट में आपातकालीन सीढ़ियों पर किराना सामग्री का भंडारण पाया गया, जो आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकासी में गंभीर बाधा उत्पन्न कर सकता है। इसके अतिरिक्त, विशाल मेगा मार्ट में प्रमुख अग्नि सुरक्षा उपायों का गंभीर उल्लंघन पाया गया, जिसके चलते तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सभी निरीक्षित प्रतिष्ठानों को निर्धारित समयसीमा में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने हेतु सुधारात्मक नोटिस जारी किए जा रहे हैं।



यदि उल्लंघन जारी रहा और समय पर सुधार नहीं किया गया, तो संबंधित परिसर को सील करने की संस्तुति निरीक्षण टीम द्वारा की जाएगी। यह कार्रवाई उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपात सेवा नियमावली एवं नेशनल बिल्डिंग कोड (छठ्ब्) के अंतर्गत की जाएगी। यह निरीक्षण अभियान नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी गोपाल सिंह चौहान, उपजिलाधिकारी हल्द्वानी राहुल शाह एवं मुख्य अग्नि सुरक्षा अधिकारी गौरव किरार के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ जिला प्रशासन, अग्निशमन विभाग, नगर निगम तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम उपस्थित रही।

## बद्रीनाथ पुलिस की सतर्कता से घर से लापता नाबालिग सकुशल बरामद

**चमोली।** बीते रोज 06 को थाना श्री बद्रीनाथ को एक चिंतित परिजन द्वारा सूचना दी गई कि उनका नाबालिग पुत्र बिना किसी पूर्व सूचना के दिल्ली को निकल गया है और उसकी संभावित लोकेशन श्री बद्रीनाथ क्षेत्र में पाई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी श्री नवनीत भंडारी के निर्देशन में पुलिस टीम सक्रिय हो गई।

तकनीकी सर्विलांस, मोबाइल ट्रैकिंग और क्षेत्र में गहन सर्च अभियान के माध्यम से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग को होटल जगाधरी से सकुशल बरामद कर लिया। बरामद नाबालिग को थाने लाकर समझाया गया और दस्तावेजी सत्यापन के उपरांत उसे सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों ने उत्तराखण्ड पुलिस, विशेषकर थाना बद्रीनाथ की टीम का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "हमारी उम्मीदें अब भी जिंदा हैं, क्योंकि चमोली पुलिस जैसे लोग रात–दिन हमारी सुरक्षा में लगे हैं।

## बिना अनुमति गैस सिलेंडर सप्लाई कर रहे वाहन को किया गया सीज

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बद्रीनाथ धाम में सुरक्षा और आपूर्ति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए थाना श्री बद्रीनाथ पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए ऐसा वाहन सीज किया गया है, जो बिना वैध अनुमति व दस्तावेजों के कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में लिप्त था। यह वाहन देहरादून से लगातार बिना किसी अधिकृत कागजात के सिलेंडर लाकर बद्रीनाथ क्षेत्र में सप्लाई कर रहा था। मामले की पुष्टि स्थानीय इंडेन गैस एजेंसी द्वारा पहले दी गई एक लिखित शिकायत से भी हुई।

थाना श्री बद्रीनाथ पुलिस ने गंभीरता से जांच कर उक्त वाहन को मौके पर सीज किया तथा सुरक्षा के दृष्टिगत वाहन में लदे कुल 33 कमर्शियल सिलेंडर को इंडेन गैस एजेंसी, बद्रीनाथ में सुरक्षित रूप से दाखिल कर दिया गया। साथ ही, इस पूरी कार्रवाई की सूचना गैस एजेंसी प्रबंधक द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी, चमोली को औपचारिक रूप से दे दी गई है। प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है एवं वाहन स्वामी ध् सप्लायर के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस इस मामले में पूर्ति विभाग और गैस एजेंसी के साथ समन्वय बनाकर कार्य कर रही है। पुलिस की अपील है कि बिना लाइसेंस अनुमति किसी भी प्रकार की वाणिज्यिक आपूर्ति करना कानूनन अपराध है। चमोली पुलिस लगातार निगरानी कर रही है और जनहित में कड़ी कार्यवाही कर रही है।

## एक पेड़ मां के नाम रोपित कर फौजी लक्ष्मण खत्री ने जिला पंचायत सदस्य रानों वार्ड से किया प्रचार अभियान शुरू

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नामांकन की अंतिम तिथि के बाद पूर्व सैनिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह खत्री ने अपने गांव सूगी चण्डिका देवी मंदिर के प्रांगण में में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर जिला पंचायत 07 रानों वार्ड से अपना प्रचार अभियान आज से प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने गांववासियों से भी इस मानसून सीजन में अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया है।



रविवार को एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्य करने के बाद उन्होंने अपने गांव सूगी व बमोथ में अपने समर्थकों के साथ घर घर जाकर लोगों से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि देश सेवा के बाद सेवा निवृत्त पश्चात वे विगत सालों से जनता के बीच रहकर जनसेवा का कार्य करते आ रहे हैं। जिसे क्षेत्र की जनता भलि भांति परिचित हैं। इस मौके पर उनके साथ सुशील चौहान, संजय लखेड़ा, हुकम सिंह खत्री, महेश खाली, कुवंरी देवी, वीरा देवी, गोदाम्वरी देवी, पूजा देवी आदि कई समर्थक मौजूद रहे। वहीं इस वार्ड में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी गजपाल सिंह बर्त्वाल व निर्दलीय प्रत्याशी गंगेश्वरी देवी ने भी गंगा घाटी के गांव बमोथ, सूगी, करछुना, रानो आदि गांवों का भ्रमण करते हुए मतदाताओं के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई है।

## पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराने हेतु अपराधियों पर पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत लागू आदर्श आचार संहिता बनाये रखने हेतु चमोली पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिये संपूर्ण जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अवैध नशे का कारोबार कर चुनाव को प्रभावित करने वाले व शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही निरन्तर जारी है।

इसी क्रम में दिनांक 06 जून को अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना नन्दानगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बांजबगड रोड पर आलीबगड बैण्ड के पास से अभियुक्त इन्द्र सिंह रावत पुत्र स्व0 केदार सिंह निवासी ग्राम बांजबगड नन्दानगर को 96 पव्वे अवैध शराब अग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना नन्दानगर में मु0अ0सं0– 22ध्25, धारा–60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

इसके साथ ही जनपद भर में सड़क किनारे तथा होटलध्ढाबों में अवैध रूप से शराब पीने–पिलाने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे। ऑपरेशन लगाम के तहत थाना थराली पुलिस द्वारा देर रात्रि चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान सड़क किनारे जाम छलका रहें 03 व्यक्तियों भीम पुत्र राम हाल निवासी पंती नारायणबगड़, वीरेंद्र पुत्र दलबीर पता उपरोक्त तथा सनी पुत्र करन निवासी उपरोक्त के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट में चालानी कार्यवाही करते हुए भविष्य में ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी गयी।

### सार्वजनिक स्थान पर झगड़ा कर रहे चार युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चमोली।** पंचायत चुनाव 2025 के तहत जनपद चमोली में शांति, सुरक्षा एवं आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में दिनांक 06 जुलाई 2025 को कस्बा कर्णप्रयाग में चार युवकों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर आपसी विवाद कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। मौके पर पहुंची कर्णप्रयाग पुलिस ने बिना समय गंवाए चारों व्यक्तियों को शांति भंग करने के आरोप में मौके से ही हिरासत में लिया और कोतवाली कर्णप्रयाग लाया गया। गिरफ्तार किये गये युवक नीरज सिंह बिष्ट (26) दृ निवासी ग्राम कंडारा, सुमित नेगी (32) दृ निवासी सोनला, गौरव सिंह (24) दृ निवासी बरमोली, सूरत सिरोला (26) दृ निवासी आईटीआई कर्णप्रयाग है। पुलिस द्वारा धारा 170ध्126ध्135(3) ठछै के अंतर्गत विधिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 07.07.2025 को चारों को उपजिलाधिकारी कर्णप्रयाग महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# जनपद चमोली में बारिश का कहर जारी, भूस्खलन, नदी नाले उफान पर आने से जन जीवन अस्त व्यस्त

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चमोली जिले में भारी बारिश से नदी नाले उफान पर आने व भूस्खलन ने जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है। बारिश से जगह जगह मलबा आने से राष्ट्रिय राजमार्गों सहित लगभग 50 सड़कें बाधित हो गई हैं, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश और भूस्खलन की चेतावनी के मद्देनजर मुख्य शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर जनपद के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी विद्यालय सोमवार को बंद रहे।



कर्णप्रयाग और गौचर के इलाके में सुबह से तेज बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के चलते उमट्टा के पास मार्ग पर फिर से मलबा आने से बद्रीनाथ राष्ट्रिय राजमार्ग पुनः बाधित हो गया है। वहीं सिवाई में रेलवे टनल के पास गदेरे का पानी बढ़ने से सिवाय कर्णप्रयाग अस्थायी सड़क बह गई है। गौचर में पानी की निकासी व्यवस्था नहीं होने से जलभराव की समस्या से गौचरवासियों भारी दिक्कतों का सामना बरसात में करना पड़ रहा है।

गौचर – रानो सम्पर्क मोटर मार्ग मलबा आने से गंगा नगर (रानों) के पास पांच घंटे बाधित रहने के बाद यातायात के लिए खोल दिया गया है। रानो सरमोला सम्पर्क मोटर मार्ग के बमोथ, सूगी, करछुना आदि स्थानों पर भी बारिश से सड़कें अवरूद्ध हो रखी है। वहीं पोखरी – कर्णप्रयाग मोटर मार्ग बिशनगढ़ में आज फिर बन्द हो गई है। जिसे यातायात हेतु खोलने के लिए लोनिवि पोखरी की जेसीबी मशीन लगी हुई है। भारी मात्रा में छोटे–छोटे बोल्डर और मलबा रुकरुक कर सडक पड़ आ रहे हैं। नंदप्रयाग के पर्थाडीप में भी सुबह मलबा आने से हाईवे बंद हो गया था लेकिन प्रशासन की मुस्तैदी से मार्ग फिर से चालू हो गया है।

ज्योतिर्मठ क्षेत्र में पिटकुल की 66 केवी की विद्युत लाइन पर फाल्ट आने से क्षेत्र में बिजली सप्लाई रात से ही ठप पड़ी है। भारी बारिश को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से केदारनाथ यात्रा रोक दी गई है। यात्रियों को सोनप्रयाग और गौरीकुंड में रोका गया है।

विकासखंड की हिमनी–बलाण सड़क कालीताल से आगे एक सप्ताह से बंद पड़ी है। यहां सड़क पर आए मलबे को हटाने के लिए पीएमजीएसवाई की जेसीबी मशीन नहीं पहुंच पाई। सड़क बंद होने से यहां ग्रामीणों को करीब पांच किमी पैदल चलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से यातायात के लिए शीघ्र सड़क खोलने की मांग की है।

## पंचायत चुनाव के बाद नए सिरे से होगा उत्तराखण्ड भाजपा संगठन का गठन

**देहरादून।** प्रदेश भाजपा की लगातार दूसरी बार कमान संभालने के बाद महेंद्र भट्ट अपनी नई टीम की घोषणा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद करेंगे। माना जा रहा है कि अगस्त महीने में भाजपा उन लोगों को जो संगठन में पदों पर होने के साथ सरकार में दायित्वधारी भी हैं और पद होने के बावजूद जो सदस्य सक्रिय नहीं रहे और जिन्होंने समय–समय पर दिए गए सांगठनिक दायित्व निभाने में सुस्ती बरती, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

यहां से नई टीम अस्तित्व में आ जाएगी। यही नहीं संगठन में उन चेहरों को जिम्मेदारी से मुक्त किया जा सकता है, जिनके पास दोहरे दायित्व हैं। मसलन, जो संगठन में पदों पर होने के साथ सरकार में दायित्वधारी भी हैं। पद होने के बावजूद जो सदस्य सक्रिय नहीं रहे और जिन्होंने समय–समय पर दिए गए सांगठनिक दायित्व निभाने में सुस्ती बरती, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

## आपदा से 143 भवनों को नुकसान, दो राष्ट्रीय राजमार्ग और 50 सड़कें बंद

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य में आपदा से 143 भवनों को नुकसान हो चुका है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून के बाद से 133 मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। आठ मकानों को गंभीर नुकसान पहुंचा और दो मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा आपदा के कारण 21 लोगों की जान जा चुकी है और 11 घायल हुए। नौ लोग लापता है।


प्रदेश में बारिश के बाद जगह–जगह मलबा आने से दो राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 50 सड़कें बंद हो गई हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ ही चारधाम आने वाले तीर्थयात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक देहरादून जिले में लखवाड़ बैंड के पास किलोमीटर 26 में मलबा आने से विकासनगर–कालसी–बड़कोट राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहनों की आवाजाही बंद है। जिले में तीन ग्रामीण सड़कें भी बंद हैं। इसके अलावा उत्तरकाशी जिले में ऋषिकेश–यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग औजरी में बंद है। इस जिले में एक राज्यमार्ग और 11 ग्रामीण सड़कें भी बंद हैं।

रुद्रप्रयाग जिले में तीन ग्रामीण मार्ग, नैनीताल जिले में काठगोदाम–हैडाखान राज्यमार्ग, चमोली जिले में 13 ग्रामीण मार्ग, पिथौरागढ़ में सात, बागेश्वर में चार, पौड़ी में तीन और टिहरी जिले में दो ग्रामीण सड़कें बंद हैं।

## चारधाम यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड के कारण हो रही मुश्किलें

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पहाड़ों में बारिश जारी है। बारिश के कारण अलकनंदा और मंदाकिनी नदी विकराल रूप धारण करके बह रही है। बदरीनाथ और केदारनाथ हाईवे पर भी जगह–जगह बोल्डर व मलबा गिर रहा है, जिस कारण चारधाम यात्रियों को भी परेशानियां हो रही हैं।

केदारनाथ हाईवे के मुनकटिया में पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर आने से मार्ग बंद हो गया था। इससे केदारनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को सोनप्रयाग में ही रोका गया। कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग को पैदल यात्रियों और शटल के लिए खोला गया। वहीं बदरीनाथ हाईवे सिरोबगड़ में बंद पड़ा था। इसे भी युद्ध स्तर पर काम करके खोला गया है। राजमार्गों को खोलने को लेकर एनएच विभाग की मशीनें जुटी रहीं। बारिश इसी प्रकार होती रही तो दिक्कतें अधिक बढ़ सकती हैं। मौसम विभाग ने दो दिन तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है और बारिश के अलावा भूस्खलन की चेतावनी भी जारी की है। पहाड़ों में मौसम विभाग की भविष्यवाणी सच साबित होती दिखाई दे रही है और लगातार कल रात से बारिश जारी है। केदारनाथ धाम सहित रुद्रप्रयाग जनपद में बारिश के कारण हालात अस्तव्यस्त हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण अलकनंदा व मंदाकिनी नदी उफान पर बह रही हैं। रुद्रप्रयाग स्थित संगम स्थल का निचला हिस्सा भी पूरी तरीके से जलमग्न हो गया है। मौसम विभाग ने दो दिन तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है और बारिश के अलावा भूस्खलन की चेतावनी भी जारी की है।




सड़क पर आया मलबा।

## योगी की अजेय गाथा पर आधारित फिल्म का टीजर जारीय भारतीय सिनेमा में एक साहसिक अध्याय की शुरुआत

**योगी** आदित्यनाथ के जीवन से प्रेरितरू ऋतु मेंगी द्वारा निर्मित और रवींद्र गौतम द्वारा निर्देशित यह फिल्म लेखक शांतनु गुप्ता की चर्चित पुस्तक श्द मोंक हू बिकेम चीफ मिनिस्टरश पर आधारित है, जो योगी आदित्यनाथ के जीवन की असाधारण यात्रा को उजागर करती है

भारत, जुलाई, 2025 सम्राट सिनेमैटिक्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म श्अजेयरू द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगीश का दमदार और सोच को झकझोर देने वाला टीजर जारी किया है, जो देशभर में गहन चर्चा का विषय बन चुका है। यह सिनेमाई प्रस्तुति उस अनकही यात्रा की पहली झलक पेश करती है, जिसमें एक इंसान ने तमाम मुश्किलों को पार करते हुए एक दोहरे चेहरे वाले सिस्टम को कड़ी चुनौती दी, माफिया राज की कमर तोड़ी और बदलाव की मशाल लेकर खड़ा हुआ। एक ऐसा योगी, जिसका लक्ष्य हमेशा से ही व्यवस्था को भीतर से बेहतर बनाना रहा। फिल्म का टीजर न सिर्फ चर्चा में है, बल्कि यह मुख्यधारा की सोच पर भी सवाल खड़े करता है कि क्या योगी सिर्फ एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक है या फिर एक ऐसी शक्ति, जो बुरी तरह जंग लगे हुए तंत्र की जड़ों को हिला सकती है? तेजस्वी दृश्य और ऊर्जा से भरपूर कथानक के माध्यम से दर्शकों का सामना एक ऐसे भगवाधारी क्रांतिकारी से होता है, जो बाहर से शांत, लेकिन भीतर से तूफानी है। वह सत्ता और अंडरवर्ल्ड के गढ़ में बेखौफ कदम रखता है। टीजर का वॉइसओवर और दृश्य राजनीति के भीतर चल रही साजिशों और बाहरी खतरों की बेबाक झलक पेश करते हैं, जो दर्शकों को इस किरदार की वैचारिक और शारीरिक जंग के प्रति और भी उत्सुक कर देते हैं।




सम्राट सिनेमैटिक्स की निर्माता, ऋतु मेंगी ने कहा, श्अजेय का टीजर उस ताकतवर कहानी की एक बेमिसाल झलक है, जो पुरानी व्यवस्था को ललकारती है। हमने इसे इस तरह गढ़ा है कि यह दर्शकों के मन में जिज्ञासा जगाए और भावनाओं के सैलाब लाए। योगी सिर्फ आध्यात्मिक नहीं, बल्कि ऐसा सुधारक है, जो भ्रष्ट तंत्र के भीतर उतर कर उसे भीतर से बदलने की ताकत रखता है। टीजर पर जो प्रतिक्रियाएँ मिल रही हैं, वो दिखाती हैं कि दर्शक अब एक साहसी और उद्देश्यपूर्ण कहानी चाहते हैं। एक्टर अनंत विजय जोशी ने टीजर में योगी के किरदार को जिस सलीके और जोशीले अंदाज में निभाया है, वह दर्शकों को चौंका देता है। संयम और विद्रोह के बीच झूलता उनका अभिनय इस बात का संकेत है कि पर्दे पर एक गहराई से भरी परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी।

08 July 2025_Copy of Layout 1 7/8/2025 1:22 PM Page 7



# मानसून सीजन के दौरान पारेषण तंत्र के सुचारू रूप से संचालन के लिए एसओपी का पूर्णतः पालन करने के दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में पिटकुल (पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने पिटकुल को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान पारेषण तंत्र के सुचारू रूप से संचालन के लिए एसओपी का पूर्णतः पालन करें तथा लाइन ब्रेकडाउन की स्थिति में ब्रेकडाउन एनालिसिस करते हुए विद्युत आपूर्ति को निर्बाध रूप से संचालित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस बात को सुनिश्चित किया जाए कि सभी तरह के प्रोजेक्ट निर्धारित समय अवधि में ही पूरे हों तथा इसकी लागत भी किसी भी दशा में बढ़नी नहीं चाहिए।

उन्होंने कहा कि जो भी मास्टर प्लान बनता है उसकी पहले एक बार संेट्रल इलेक्ट्रिसिटी अर्थोरिटी से जरूर समीक्षा करा ली जाए। मुख्य सचिव ने लाइन विस्तारीकरण और सब स्टेशन की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित नए मानक के अनुरूप सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करने को कहा।



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी निर्माणाधीन विद्युत जेनरेशन प्लांट व विद्युत सब स्टेशन की क्षेत्रीय विजिट करेंगे। बैठक में प्रबंध निदेशक पिटकुल पी सी ध्यानी ने अवगत कराया कि पिटकुल की रेटिंग 2024–25 में हुई है। इससे पिटकुल को मिलने वाले लोन में 0.50 प्रतिशत की छूट प्राप्त होगी जिसका प्रदेश के उपभोक्ताओं को भी रियायती ऊर्जा दरों के रूप में लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि बाह्य सहायतित परियोजनाओं के अंतर्गत एडीबी पोषित 6 गतिमान प्रोजेक्ट 220 केवी सेलाकुई, 132 केवी खटीमा, 132 केवी लोहाघाट चंपावत, 132 केवी धौलाखेड़ा नैनीताल, 132 केवी आराघर और 220 केवी मंगलौर ये सभी प्रोजेक्ट 2026 तक कंप्लीट हो जाएंगे। इससे लो वोल्टेज और बार–बार ट्रिप की समस्या से निजात मिलेगी तथा उद्योग और उपभोक्ताओं को बड़े पैमाने पर इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, मुख्य अभियंता, अनुपम सिंह, इला पंत व कमलकांत, महाप्रबंधक वित्त मनोज कुमार आदि बैठक में उपस्थित थे।

## कॉर्टेवा एग्रिसाइंस ने लॉन्च किया एक प्रभावी समाधान डेलाडैक्सिन

**देहरादून।** कॉर्टेवा एग्रीसाइंस ने डेलाडैक्सिन नाम से एक नया व्यापक कीट नियंत्रण समाधान लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य धान की खेती करने वाले प्रमुख राज्यों के किसानों को ब्राउन प्लांटहॉपर (बीपीएच) और स्टेम बोरर जैसे लगातार नुकसान पहुँचाने वाले कीटों से बचाव में मदद करना है।

ये कीट पौधों की वृद्धि को रोकते हैं, उन्हें मुरझा देते हैं और दानों के विकास को भी प्रभावित करते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है। डेलाडैक्सिन डुअल–एक्शन सुरक्षा प्रदान करता है और फसल के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है।

धान की बालियों के बनने की शुरुआती अवस्था से लेकर दानों के पूरी तरह पकने तक, डेलाडैक्सिन की लंबी असरदार सक्रियता और भरोसेमंद परफॉर्मेंस किसानों को पौधों की मजबूती बनाए रखने, बालियों के विकास को सहारा देने और उपज को सुरक्षित रखने में मदद करती है।

## क्रोमा की 'बैक टू कैंपस सेल' में लैपटॉप खरीदें सिर्फ 28,990 से आगे की कीमतों में

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत का पहला और टाटा समूह का भरोसेमंद ओमनी–चौनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, क्रोमा में शुरू हो रहा है 'बैक टू कैंपस' सेल। आधुनिक शिक्षा में तकनीक सबसे महत्वपूर्ण है, इस बात को मद्देनजर रखते हुए क्रोमा ने अपने अभियान को छात्रों और तकनीक के प्रति उत्साही लोगों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। चाहे आप एक महत्वाकांक्षी डिजाइनर हों, एआई–फर्स्ट कोडर हों, या नेक्स्ट–जेन गेमर हों, क्रोमा में आपको लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टफोन और एक्सेसरीज पर छात्रों के लिए आसान कीमतों पर आकर्षक डील मिल रही हैं। बड़े–बड़े ब्रांडों के उत्पाद, शून्य–लागत ईएमआई, कैशबैक और छात्रों के लिए विशेष योजनाओं का लाभ उठाकर अपने शैक्षणिक और क्रिएटिव भविष्य में निवेश करने का बहुत बढ़िया अवसर क्रोमा दे रहा है। एआई विंडोज लैपटॉपरू कीमत 55,990 से शुरू, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के साथ, 24 महीने तक की जीरो–कॉस्ट ईएमआई और 10,000 तक का कैशबैक200 से ज़्यादा शहरों में 560 से ज़्यादा स्टोर का क्रोमा का व्यापक नेटवर्क यह सुनिश्चित करता है कि मेट्रो, टियर–2 शहरों और दूसरे कई इलाकों के छात्रों को एक्सक्लूसिव क्यूरेटेड योजनाएं और छूट के लाभ मिल सकें। सभी मेट्रो शहररू एआई–पीसी की कीमतें 54,990 से शुरू मुफ्त कीबोर्ड–माउस कॉम्बो, एंटीवायरस और नॉइज विक्टर वॉच के साथ।

## 'चातुर्मास व्रत पूर्ण करने हेतु शंकराचार्य जी ने किया मुम्बई प्रस्थान'

**वाराणसी।** काशी में मनुस्मृति पर व्याख्यान पूर्ण कर परमधर्मधर्माधीश ज्योतिषीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीरू अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज अपना 23वां चातुर्मास व्रत अनुष्ठान पूर्ण करने हेतु आज काशी से सड़कमार्ग द्वारा बाबतपुर पहुंचकर वायुमार्ग द्वारा मुम्बई हेतु प्रस्थान किया।इस दौरान भारी संख्या में काशीवासी भक्तों व सन्तों ने पुष्पवर्षा कर जयघोष किया व भक्तों के प्रार्थना पर श्रीविद्यामठ से शंकराचार्य जी महाराज पालकी पर भी आरूढ़ होकर कुछ दूर तक गए।



उक्त जानकारी देते हुए शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों के मारे जाने से मर्माहत शंकराचार्य जी महाराज अपना समस्त कार्यक्रम दो महीने हेतु स्थगित कर काशी आ गए और मनुस्मृति पर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने व उसके महत्व को निरूपित करने हेतु मनुस्मृति पर व्याख्यान दिया।

साथ ही मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि शंकराचार्य जी महाराज के मुम्बई में आहूत चातुर्मास व्रत के दौरान विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे।सर्वप्रथम 9 जुलाई को मध्याह्न 3 बजे वझिरा गणेश मंदिर बोरीवली से दिव्य भव्य कलश यात्रा व शोभा यात्रा निकाला जाएगा जिसमें भारी संख्या में मुम्बई वासियों सहित पूरे देश से उपस्थित भक्त व सन्त सम्मलित रहेंगे।चातुर्मास व्रत के दौरान नित्य प्रातः 108 विशेष शिवलिंगों का अभिषेक किया जाएगा,वेदांत वर्ग का आयोजन होगा,शाम को भक्तों हेतु शंकराचार्य जी महाराज का प्रवचन होगा व इसके अतिरिक्त दिनभर पूजन अर्चन–भजन कीर्तन चलता रहेगा।चार्तुमास व्रत पर्यंत श्री गोप्रतिष्ठा महायज्ञ होगा जिसमें 33 करोड़ आहुति डालने का संकल्प लिया गया है। शंकराचार्य जी महाराज के प्रस्थान के दौरान साध्वी पूर्णाम्बा दीदी,ब्रम्हचारी परमात्मानंद, प्रभुदत्त शुक्ला,रमेश उपाध्याय,सतीश अग्रहरी, आशीष गुप्ता,किशन जायसवाल, जयफणी वर्धन, दीपेंद्र सिंह, रामचन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में सन्त व भक्त उपस्थित थे।

# लोजपा (रामविलास) के संस्थापक रामविलास पासवान की धूमधाम से जयंती मनाई गई

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस कार्यक्रम का आयोजन कारगी चौक स्थित एक वेडिंग पॉइंट में किया गया।

लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडित, प्रदेश उपाध्यक्ष केसर लाल कनौजिया, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष एन के पटेल प्रदेश महामंत्री सर्वेश कुमार शर्मा, वीरेंद्र भारद्वाज, गौतम कुमार, प्रदेश संगठन मंत्री वीरेंद्र सिंह रावत प्रदेश सचिव मोनिका अस्टवाल, प्रदेश प्रवक्ता विशाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष जय गोविंद, राजकुमार यादव, संजय



जयंती पर केक काटते हुए।

कुमार सरवन कुमार संजय प्रजापति, राजतिलक कनौजिया, अशोक कुमार एवं संजीव शर्मा मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडित ने कहा कि हम सभी के लिए स्वर्गीय रामविलास पासवान जी एक प्रेरणा स्रोत हैं। उनके द्वारा जो भारतीय राजनीति में कार्य किए गए हैं एवं जो समाज सेवा की गई है उसे भारतवर्ष कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने बिहार के हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीत कर जात– पात की राजनीति को जड़ से मिटा दिया था और समाज में एक सद्भावना का संदेश भी उन्ही द्वारा सर्वप्रथम भारतीय राजनीति में दिया गया है। उत्तराखंड में भी लोक जनशक्ति पार्टी सभी जिलों में सामान्य रूप से कार्य कर रही है एवं प्रदेश के प्रति जिन व्यक्तियों को कुछ करने की चाहत हैं उन सभी के लिए पार्टी से जुड़ने का सुनहरा अवसर है जब पार्टी अपने सभी कार्यकारिणी एवं सदस्यों को एक संगठन के रूप में जोड़ रही है।

# महिला साइबर ठग गिरफ्तार, अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों का करती थी उपयोग

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखण्ड एसटीएफ के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की टीम ने साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी एक महिला को ऋषिकेश के श्यामपुर, क्षेत्र, देहरादून (उत्तराखंड) से गिरफ्तार किया गया है। आरोप महिला फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल व अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों का उपयोग कर लोगों को ठगा करती थी। जिसने पीडिता को खुद के सरकारी एजेंसी की अधिकारी बताकर लगभग 40 लाख रूपये की धोखाधडी को अंजाम दिया था। जिसके पास से घटना में प्रयुक्त 2 मोबाइल फोन, 3 डेबिट कार्ड्स व 2 सिम कार्ड्स बरामद हुए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ, नवनीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एक प्रकरण देहरादून निवासी पीड़िता ने मई 2025 में दर्ज कराया था। पीड़िता को व्हाट्सएप पर अमेरिका के नंबर से कॉल कर एक महिला ने स्वयं को सरकारी एजेंसी की अधिकारी बताया। व्हाट्सएप पर फर्जी प्रोफाइल के माध्यम से विश्वास जीतकर पीड़िता को गोल्ड का बिजनेस शुरू करने के लिए रा मैटेरियल खरिदने के नाम पर उससे बार–बार धनराशि स्थानांतरित करवाई गई। पूरे अपराध में अंतरराष्ट्रीय व्हाट्सएप नंबर, फर्जी पहचान, और तकनीकी माध्यमों का उपयोग कर मानसिक रूप से पीड़ित पर नियंत्रण बनाया गया। पीड़िता को इस बात का आभास भी नहीं हुआ कि वह एक सुनियोजित साइबर ठगी का शिकार बन रही है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान साईबर क्राईम पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बैंक खातों व रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बरों व्हाट्सअप की जानकारी के लिए सम्बन्धित बैंकों, सर्विस प्रदाता कम्पनियों, मेटा कम्पनी से पत्राचार कर डेटा प्राप्त किया गया। प्राप्त डेटा के विश्लेषण से जानकारी मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस ने महिला साइबर ठग को चिन्हित कर उसकी तलाश शुरू कर दी गयी। साईबर टीम ने विधिक प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकाश में आयी महिला आरोपी रमनदीप कौर पुत्री दलजीत सिंह, सराली कलां, जिला तरण तारण, पंजाब के रूप में की गई जिसने फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल व अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों उपयोग कर लाखों की साइबर ठगी को अंजाम देने के लिए अलग–अलग नामों से व्हाट्सएप प्रोफाइल व इंटरनेशनल नंबरों का इस्तेमाल किया जाता था इसी क्रम में आरोपी रमनदीप कौर पुत्री दलजीत सिंह को ऋषिकेश के श्यामपुर क्षेत्र, देहरादून (उत्तराखंड) से गिरफ्तार किया गया है। जिससे पूछताछ में पता चला कि आरोपित महिला ने साईबर अपराध के लिए जिस बैंक खातों का प्रयोग किया गया है उसमें मात्र 1–02 माह में ही लाखों रूपयों का लेन–देन होना प्रकाश में आया है। जाँच में यह भी पता चला कि आरोपित महिला के बैंक खाते के खिलाफ देश के कई राज्यों में कुल 4 साईबर अपराधों की शिकायतें दर्ज हैं।


पकड़ी गई आरोपी।

## टिहरी डैम के नाम जुड़ी एक और उपलब्धि, पीएसपी की दूसरी यूनिट का संचालन शुरू

**टिहरी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** टिहरी बांध परियोजना के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है। टिहरी बांध परियोजना के अंतर्गत पीएसपी की दूसरी 250 मेगावाट यूनिट का संचालन शुरू हो गया है। इससे हरियाणा, दिल्ली गुजरात को बिजली सप्लाई मिलेगी।

टिहरी बांध परियोजना के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने बताया कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के टिहरी बांध में 1000 मेगावाट के वैरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) की दूसरी यूनिट (250 मेगावाट) का संचालन शुरू कर दिया। टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट न केवल देश की पहली वैरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज सुविधा है, बल्कि किसी भी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम द्वारा कार्यान्वित अपनी तरह की सबसे बड़ी सुविधा भी है।

केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने दूसरी यूनिट के वाणिज्यिक संचालन का शुभारंभ किया।

उन्होंने इस सफलता के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिकारी–कर्मचारियों और परियोजना से जुड़ी अनुबंध एजेंसियों के कार्यों की सराहना की। टिहरी बांध परियोजना की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि चार जून को पहली यूनिट के सफल सीओडी संचालन के बाद आज दूसरी यूनिट का संचालन करना टीएचडीसी की बेहतर कार्यक्षमता को दर्शाता है।

## यमुनोत्री मार्ग पर हुए भूस्खलन में लापता दो यात्रियों के शव बरामद

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री पैदल मार्ग पर 23 जून को हुए भूस्खलन में लापता दो यात्रियों के शव आज भगेली गाड़ यमुना नदी में मिले। मृतकों की पहचान कमलेश जेठवा उम्र 35 वर्ष, निवासी मुंबई और भाविका शर्मा उम्र 11 वर्ष निवासी कृष्णा विहार, नई दिल्ली के रूप में हुई है। शवों को सीएचसी नौगांव भेजा गया है। पुलिस स्टेशन प्रभारी गंभीर सिंह तोमर ने बताया कि घटनास्थल से एक शव और एक पैर बरामद हुआ है। शिनाख्त के लिए परिजनों को बुलाया गया है। बता दें, जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौकैंची के पास अचानक बोल्डर और मलबा गिर गया था। उस दौरान पैदल मार्ग पर जा रहे करीब चार से पांच लोग बोल्डर के साथ खाई में जा गिरे।

## परम गुरु 'ज्ञानरूप' होकर शिष्य के हर संकट को 'हर' लेते: भारती

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रत्येक रविवार की भांति आज भी दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अपने निरंजनपुर स्थित आश्रम सभागार में साप्ताहिक सत्संग–प्रवचनों एवं मधुर भजन–संकीर्तन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंचासीन संगीतज्ञों द्वारा गाए गए अप्रतिम भजनों की श्रृंखला के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। भजनों में निहित गूढ़ आध्यात्मिक तथ्यों की विवेचना करते हुए मंच का संचालन साध्वी विदुषी जाह्वी भारती जी के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि जब भी मनुष्य संतों–महापुरूषों का संग करता है, उनकी दिव्य सोहबत में समय गुजारता है, तब! उसका विवेक जाग्रत होता है। जाग्रत विवेक मानव को 'सर्वश्रेष्ठ' की अनुभूति कराते हुए 'परम उपलब्धि' की तरफ उसे अग्रसर किया करता है। मनुष्य का मन असंख्य उलझी हुई गुत्थियों का विशाल समूह है, इसमें उलझ–उलझ कर मनुष्य जन्मों–जन्मांतरों तक अपने परम लक्ष्य परमात्मा से विस्मृत रहते हुए मात्र इसी मन के मुताबिक चलता रहता है, और फिर। अपने लिए 'चौरासी' का कष्टकारी चक्र तैयार कर लेता है। सत्संग का प्रावधान महापुरूषों द्वारा किया गया समूची मानवता पर एक असीम उपकार है। सत्संग द्वारा ही मानव मन की दिशा को 'ईश्वरोन्मुख' किया जा सकता है इसी से, जीव को उसका सर्वश्रेष्ठ दिया जा सकता है। साधु के संग की महिमा कबीर साहब कुछ इस प्रकार से बयां करते हैं– 'कबीरा संगत साध की, सांई आवे याद, लेखे में सोई घड़ी, बाकी दिन बरबाद।' गुण के संबंध में यदि देखा जाए तो केवल वह 'परम सत्ता' ही इस योग्य होती है जो कि अपने सानिध्य में आने वालों के भीतर भी अपने परम श्रेष्ठ गणों की स्थापना कर देती है, ऐसी गुणवान परमसत्ता को ही शास्त्र श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ परमगुरू कहकर अभिवंदित किया करते हैं। कबीर साहब यहां भी फरमाते हैं– 'सब धरती कागद करूं, लेखनि सब वनराय, सात समुंद की मसि करूं, गुरू गुण लिखा न जाए।

## न्यूज डायरी

### एचएनबी विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025–26 की प्रवेश विवरणिका जारी



**श्रीनगर।** कुलपति सचिवालय सभागार में हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025–26 की प्रवेश विवरणिका को कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने जारी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं, कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. जेएस चौहान, एनईपी कोर्डिनेटर प्रो0 प्रशान्त कण्डारी, कोर्डिनेटर समर्थ ईआरपी डा. प्रीतम सिंह नेगी उपस्थित थे। सत्र 2025–26 के लिएए स्नातक कक्षाओं में प्रवेश सीयूईटी के मैरिट के आधार पर दिये जायेंगे, जबकि स्नातकोत्तर स्तर की प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई से 17 जुलाई, 2025 तक आयोजित की जायेगी। इसके परीक्षा केन्द्र विश्वविद्यालय के तीनों परिसर श्रीनगर, पौडी एवं बादशाहीथौल, टिहरी के अतिरिक्त रूडकी, हरिद्वार एवं देहरादून में भी होंगे।

## पेज 01 का शेष...

### सीएम ने राज्य में कृषि से सम्बधित योजनाओं के क्रियान्वयन में विशेष सहयोग का किया अनुरोध

नकदी फसलों जैसे कीवी के संवर्धन एवं खेती को वन्यजीवों से संरक्षित करने हेतु 894 करोड़ रुपये की आवश्यकता दर्शाई गई है। कृषि व बागवानी क्षेत्र में नवाचार और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए 885.10 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। ड्रैगन फ्रूट जैसी कम जोखिम वाली फसलों को प्रोत्साहित हेतु 42 करोड़ रुपये की योजना भी तैयार की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में राज्य सरकार सक्रियता से कार्य कर रही है। जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु विश्लेषण प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए 36.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण और डिजिटल सर्वेक्षण के लिए के अंतर्गत 378.50 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित की गई है। इसके साथ ही पंतनगर विश्वविद्यालय के माध्यम से युवाओं को कृषि क्षेत्र में दक्ष बनाने हेतु 14 करोड़ रुपये तथा एग्रीटूरिज्म स्कूल की स्थापना हेतु 14 करोड़ रुपये की योजना तैयार की गई है। उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार में माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 16.11 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com

डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19